# उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति

(उ0प्र0 सरकार द्वारा गठित)
**मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस, सरोजनीनगर, लखनऊ**
वेबसाइट: hajcommittee.up.gov.in ; ई-मेल : hajcommittee.up@gmail.com, shcuplko@rediffmail.com

**पत्रांक : जी– I I/1102 /एस0एच0सी0 / 2025** **दिनांक : 15.07.2025**

सेवा में
क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी,
लखनऊ / बरेली / ग़ाजियाबाद।

विषयः हज–2026 के इच्छुक हज आवेदकों को पासपोर्ट निर्गत किये जाने की सुविधा के सम्बन्ध में।

महोदय,

हज कमेटी आफ इण्डिया द्वारा दिनांक 07 जुलाई, 2025 को हज–2026 की घोषणा की गयी है, जिसमें इच्छुक हज यात्रियों से हज–2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। आवेदन दिनांक 07 जुलाई, 2025 से आरम्भ हो गया है तथा अन्तिम तिथि 31 जुलाई, 2025 निर्धारित की गयी है। हज आवेदन के लिए मशीन पठनीय भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय पासपोर्ट आवश्यक है। पासपोर्ट, आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि को या उससे पूर्व का जारी होना चाहिए उसकी वैद्यता कम से कम 31 दिसम्बर, 2026 तक होना चाहिए।

उपरोक्त के क्रम में आपसे अनुरोध है कि गत वर्षों की भांति हज–2026 के इच्छुक हज आवेदकों हेतु पासपोर्ट शीघ्र निर्गत करने, नोडल अधिकारी नामित करने, पासपोर्ट कार्यालयों में हज सुविधा काउण्टर स्थापित करने, हज आवेदकों के लिए ऑनलाइन अपाइंटमेंट स्लॉट आरक्षित करने तथा हज से सम्बन्धित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करें।

अतः उक्त के दृष्टिगत आपसे अनुरोध है कि पासपोर्ट कार्यालय के सत्यापन अधिकारी, अनुदान अधिकारी एवं सेवा प्रदाता के सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों को भी उक्त निर्देश निर्गत करने का कष्ट करें, जिससे कि हज आवेदकों के प्रकरणों के निस्तारण में सुविधा हो सके व पासपोर्ट आवेदन हेतु निर्धारित अन्तिम तिथि 31.07.2025 से पूर्व निर्गत हो सकें व हज–2026 हेतु इच्छुक आवेदक ऑनलाइन आवेदन कर सकें।

भवदीय,
15.7.25
(एस.पी. तिवारी)
सचिव/कार्यपालक अधिकारी

संलग्नक : हज कमेटी आफ इण्डिया की घोषणा।

पत्रांक ............................तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव मा0 मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज, उ0प्र0 को कृत कार्यवाही से अवगतार्थ।
2. निजी सचिव मा0 राज्य मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज, उ0प्र0।
3. मा0 अध्यक्ष, उ0प्र0 राज्य हज समिति।
4. मा0 सदस्यगण, उ0प्र0 राज्य हज समिति।
5. प्रमुख सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज, उ0प्र0 शासन।
6. निदेशक, उ0प्र0 अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, इन्दिरा भवन, लखनऊ।
7. हज सत्र –2026 पत्रावली हेतु।

(एस.पी. तिवारी)
सचिव/कार्यपालक अधिकारी